# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# हनुमानगढ़ : ग्रामीण सेवा शिविरों मे उंमड़ी भीड़, हजारों को मिला योजनाओं का लाभ


राजेश चौधरी


Published on 20 Sep 2025




*| □□□□□□□□□ | □□□□□□ □□□□□□ | □□□□□□□□□□ |*

जिलेभर में चल रहे **ग्रामीण सेवा शिविरों** में शुक्रवार को भी ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। इन शिविरों में आमजन को विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। **अंत्योदय के मार्ग को साकार** करने वाले इन शिविरों में लंबित प्रकरणों का निस्तारण, प्रमाणपत्र वितरण, बीमा योजनाओं की स्वीकृति, स्वास्थ्य सेवाएं और कृषि व पशुपालन संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## अब तक 42 ग्राम पंचायतों मे शिविर

शुक्रवार तक जिले की 42 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें –

- **राजस्व विभाग**: 87 फार्मर रजिस्ट्री, 44 खाता विभाजन, 382 नामांतरण और 544 जाति प्रमाण-पत्र जारी।
- **भू-राजस्व अधिनियम**: धारा 136 के 69 प्रकरण निपटाए गए।
- **गरीबी मुक्त गांव अभियान**: 81 बीपीएल परिवारों का सर्वे और विधायक/सांसद निधि से 5 स्कूलों की मरम्मत स्वीकृत।

## चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं

- 8003 व्यक्तियों का उपचार।
- 4557 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग।
- 2075 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच व बच्चों का टीकाकरण।

- 6805 टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग और पोषण किट वितरण।
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 75 गोल्डन कार्ड जारी।

## पशुपालन व कृषि विभाग

- 3541 पशुओं का उपचार।
- मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 491 पॉलिसियां वितरित।
- कृषि विभाग द्वारा 739 बीज मिनी किट और 177 प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसियां स्वीकृत।

## ऊर्जा और अन्य विभाग

- 294 बिजली प्रकरण निस्तारित (ट्रांसफार्मर बदलना, मीटर सुधारना, ढीले तार ठीक करना)।
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 780, जीवन ज्योति बीमा योजना में 119, सुरक्षा बीमा योजना में 244 और अटल पेंशन योजना में 36 पंजीकरण।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 1271 ई-केवाईसी और 574 नए परिवारों की आधार सीडिंग।
- 4498 परिवारों की एलपीजी आईडी मैपिंग।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2239 आवेदन, पालनहार योजना के 25 और मातृ वंदना योजना के 190 आवेदन स्वीकृत।

## शनिवार को यहां होंगे शिविर

शनिवार को पंचायत समिति भादरा के साहूवाला व मलखेडा, नोहर के बिरकाली व चक सरदारपुरा, हनुमानगढ़ के मटोरियावाली ढाणी व मोहनमगरिया, रावतसर के 99 आरडी व खैदासरी, पीलीबंगा के कान्हेवाला व उम्मेवाला, टिब्बी के कुलचन्द्र व सहारणी तथा संगरिया के मालारामपुरा व इन्द्रगढ़ में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.